पर्चा डिक्री

न्यायालय : सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक) भादरा, जिला हनुमानगढ़

पीठासीन अधिकारी : श्री प्रीतम कुमार IAS

प्रकरण सं0 : 33/2023

अनवान :

1.सुनिता पत्नि स्व0 महेश कुमार जाति ब्राहम्ण निवासी डुंगराना तहसील भादरा।

2. भावेश गौड़ } पुत्र–पुत्रियान स्व0 महेश कुमार नाबालिगान बजरिए माता सुनिता
3. पारूल } पत्नि स्व0 महेश कुमार जाति ब्राहम्ण निवासी डुंगराना त0 भादरा।

:– वादीगण

बनाम

1. महावीर प्रसाद पुत्र सुरजाराम जाति ब्राहम्ण निवासी डुंगराना तहसील भादरा।
2. विनोद कुमार पुत्र महावीर जाति ब्राहम्ण निवासी डुंगराना तहसील भादरा।
3. सरोज पुत्री महावीर जाति ब्राहम्ण निवासी डुंगराना तहसील भादरा।
4. कमलेश गौड पुत्री महावीर जाति ब्राहम्ण निवासी डुंगराना तहसील भादरा।
5. राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार (राजस्व) भादरा।

:– प्रतिवादीगण

आज यह वाद न्यायालय सहायक कलक्टर फास्ट–ट्रैक भादरा के समक्ष वकील वादीगण श्री नरेन्द्र शर्मा एवं वकील प्रतिवादीगण श्री जयकिशन गोदारा की उपस्थिति में निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर एवं वाद वादीगण साबित होने के कारण मुताबिक राजीनामा डिक्री किया जाता है तथा घोषणा की जाती है कि रोही मौजा डुंगराना के खाता सं0 276/50 के खसरा सं0 627 की 4.3000है0, खसरा सं0 628 की 3.8950है0 खसरा सं0 680 की 4.1610है0 कुल खसरा 3 की कुल 12.3560 है0 वादभूमि में 1/6 हिस्सा तथा रोही डूंगराना के ही खाता सं0 334/299 के ख0सं0 6 की 5.8800 है0, खसरा सं0 760/451 की 4.2110है0 कुल खसरे 2 की कुल 10.0910है0 में सम्पूर्ण हिस्सा प्रतिवादी सं0 1 महावीर प्रसाद के नाम दर्ज है। उक्त दोनों खातों की वादभूमि में प्रतिवादी सं0 1 महावीर प्रसाद के नाम दर्ज कृषिभूमि में प्रतिवादी सं0 1 महावीर प्रसाद का नाम कलमजन कर वादी सं0 1 सुनिता, वादी सं0 2 भावेश गौड़ जरिए माता सुनिता व वादी सं0 3 पारूल जरिए माता सुनिता को संयुक्त रूप से 1/2 हिस्सा व प्रतिवादी सं0 2 विनोद कुमार को 1/2 हिस्सा के खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। चूंकि प्रतिवादी सं0 1, 3 व 4 ने अपना हक हिस्सा वादीगण व प्रतिवादी सं0 2 के पक्ष में त्याग कर शून्य कर लिया है। यदि कृषि भूमि बैंक के रहन है तो रहन मुक्त होने के उपरान्त ही उपरोक्तानुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर रिकार्ड दुरूस्त किया जावे। खर्चा वाद उभय पक्ष अपना अपना वहन करे।

यह पर्चा डिक्री आज दिनांक 14.2.24 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

Preetam

सहायक कलक्टर (फास्ट ट्रैक) भादरा

(प्रीतम कुमार) I.A.S.

सहायक कलक्टर (फास्ट-ट्रैक)

भादरा, जिला हनुमानगढ़

Scanned with CamScanner